# 112142 - क्या सेहरी में पानी पीना पर्याप्त है ?

**प्रश्न**

क्या सेहरी में केवल पानी पीने पर बस करना सेहरी कहा जायेगा ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“प्रत्यक्ष बात यह है कि उसे सेहरी कहा जायेगा, लेकिन जब वह खाना न पाए, इस हदीस के आधार पर कि : “जब तुम में से कोई व्यक्ति रोज़ा इफतार करे तो रुतब (पके हुए ताज़ा खजूर) पर इफतार करे, यदि वह उसे न पाए तो (सूखे) खजूर पर, यदि वह भी न मिले तो चंद घूँट पानी पी ले।” अत: यदि उसके पास खाना नहीं है यानी खाने की चीज़ नहीं है, या उसके पास खाने की चीज़ तो है लेकिन वह उसकी इच्छा नहीं रखता है, और उसने केवल पानी पी लिया तो आशा है कि सुन्नत प्राप्त हो जायेगी।” अंत हुआ।